प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'उन्चास' [7/3/2017] परिशिष्ट- "उन्चास"

प्रश्न सं. [क्र. 4585]

कार्यालय (खनिज शाखा) जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश

क्रमांक/1755 /3-6/खनि/17 शिवपुरी दिनांक 21-02-17

प्रति,

मान्नीय विधायक शकुंतला खटीक
विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-23 करैरा
जिला शिवपुरी म.प्र.

विषय –रेत खदान जैतपुर सर्वे नम्बर 2134 , 2254 रकवा 6.640 हैक्टेयर सम्बंध में ।
संदर्भ – आपका पत्र क्रमांक 226/एम.एल.ए./2017 शिवपुरी दिनांक 27.01.2017

उपरोक्त विषय को लेकर लेख है कि आपके द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से रेत खदान जैतपुर सर्वे 2134 , 2254 रकवा 6.640 हैक्टेयर क्षेत्र की जांच के सम्बंध में लिखा गया है ।

अतः उक्त पत्र के क्रम में खनि निरीक्षक जिला शिवपुरी से जॉच कराई गई , खनि निरीक्षक जिला शिवपुरी द्वारा दिनांक 15.02.2017 को स्थान जैतपुर तहसील नरवर अन्तर्गत आने वाली रेत खदान का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उक्त स्थल पर श्री मनीष पचौरी एंव अन्य स्टाफ उपस्थित मिला तथा खनन कार्य होता पाया गया । निरीक्षण दिनांक को उक्त रेत खदान में मिटटी मिश्रित रेत (जो कि जैतपुर रेत खदान में पाई जा रही है) को नदी के पानी से धोकर एक जगह एकत्रित की जा रही है तथा इस एकत्रित रेत/बजरी को डम्पर वाहन के द्वारा अभिवहन पास के माध्यम से डम्पर वाहनो से परिवहन किया जाना पाया गया । मौके पर रेत खदान में मुनारे (सीमा स्तम्भ) लगे हुये नही पाये गये । इस हेतु सम्बंधित श्री मनीष पचौरी को मुनारे संधारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । जॉच दिनांक को अन्य स्थानो सोन्हर , मगरौनी , थरखेडा , कठेंगरा का भी भ्रमण किया गया परन्तु ग्रामो में उत्खनन करते कोई नही पाया गया और ना ही कोई व्यक्ति जैतपुर रेत खदान की अभिवहन पास जारी करते पाया गया । उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उक्त खदान से रेत/बजरी निकालकर डम्पर वाहनो से भरकर बेची जाती है । सूचनार्थ प्रेषित ।

अवर सचिव अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
खनिज साधन विभाग

डिप्टी कलेक्टर/खनि अधिकारी
जिला शिवपुरी म.प्र.